# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**

**PRINT MEDIA COVERAGE ON B.R.A.BIHAR UNIVERSITY NEWS**

**COMPILED BY MEDIA CELL (05.10.2024)**

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 05.10.2024, PAGE-02

## सत्र 2024-28 : स्नातक फर्स्ट सेमेस्टर का मिड टर्म टेस्ट 14 से

मुजफ्फरपुर| बीआरएबीयू में स्नातक सत्र 2024-28 के फर्स्ट सेमेस्टर के स्टूडेंट्स का मिड टर्म टेस्ट 14 अक्टूबर से होगा। इसमें करीब 1.60 लाख स्टूडेंट्स शामिल होंगे। कॉलेज स्तर पर परीक्षा का आयोजन 19 अक्टूबर तक किया जाएगा। वहीं, सभी विषयों की कॉपियों का मूल्यांकन कर 29 अक्टूबर तक परीक्षा विभाग को मार्क्स अपलोड करने के लिए कहा गया है। इसको लेकर परीक्षा विभाग की ओर से सभी कॉलेजों को निर्देश जारी किया गया है। परीक्षा नियंत्रक डॉ. सुबालाल की ओर से जारी पत्र में ई-मेल आईडी जारी किया गया है, जिसपर मार्क्स भेजा गया है। काफी दिनों से सत्र 2024-28 में नामांकित प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षा के लिए तिथि घोषित करने की मांग की जा रही थी। बता दें कि अगले महीने एंड सेमेस्टर एग्जाम होना है। विश्वविद्यालय की ओर से जारी परीक्षा कैलेंडर में तिथि निर्धारित कर दी गई है। वहीं, सितंबर में मिड टर्म टेस्ट होना था।

DAINIK BHASKAR, MUZAFFARPUR
DATE : 05.10.2024, PAGE-02

### कन्वोकेशन का डेट जारी

## दो सत्र के 3 लाख से अधिक छात्रों को मिलेगी डिग्री

मुजफ्फरपुर | बीआरए बिहार विश्वविद्यालय में दो सत्र के स्नातक, पीजी, वोकेशनल व प्रोफेशनल कोर्स के 3 लाख से अधिक छात्रों को डिग्री मिलने का रास्ता साफ हो गया है। राजभवन ने कन्वोकेशन का डीम्ड डेट जारी कर दिया है। इसमें कहा गया है कि अक्टूबर 2023 तक जारी परीक्षा परिणाम के आधार पर छात्रों को डिग्री दी जाए। बता दें कि विश्वविद्यालय में दीक्षांत समारोह का आयोजन पिछली बार वर्ष 2018 में हुआ था। उस सत्र के विद्यार्थियों को मेडल सहित डिग्री भी दी गई। वहीं, कोरोना काल में विद्यार्थियों की परेशानी को देखते हुए राजभवन ने वर्ष 2020 में कन्वोकेशन का डीम्ड डेट जारी किया था, जिसके आधार पर सत्र 2019-20 और 2020-21 में उत्तीर्ण विद्यार्थियों को डिग्री जारी की गई। स्थिति सामान्य होने पर इस साल दीक्षांत समारोह को लेकर तैयारी चल रही थी। वहीं, छात्रों को डिग्री का इंतजार था। राजभवन ने अक्टूबर 2023 तक की डिग्री के लिए कन्वोकेशन डेट 3 अक्टूबर 2024 निर्धारित की है। इसके आधार पर सत्र 2021-22 व 2022-23 के स्टूडेंट्स को डिग्री दी जाएगी।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 05.10.2024, PAGE-04**

# तीन लाख छात्र-छात्राओं को अब मिलेगी डिग्री

## राजभवन ने जारी किया डीम्ड डेट स्नातक व पीजी से लेकर अन्य कोर्स के विद्यार्थियों को होगा फायदा

- अक्टूबर 2023 तक जारी सभी रिजल्ट के लिए डीम्ड डेट का
- विश्वविद्यालय के स्तर से दीक्षा समारोह का भेजा गया था प्रस्ताव
- वर्ष 2024 की शुरुआत में ही राजभवन से किया था अनुरोध



### प्रथम सेमेस्टर के विद्यार्थियों की मिड टर्म परीक्षा 14 से

### कालेजों ने नहीं भेजे अंक पार्ट टू का फंसा रिजल्ट

### विश्वविद्यालय में शुरू हुई माइग्रेशन की छपाई, छात्र-छात्राओं को राहत

### प्रिंटर की कमी से नहीं मिल रही रजिस्ट्रेशन की स्लिप

**DAINIK JAGRAN, MUZAFFARPUR, DATE : 05.10.2024, PAGE-04**

# पुरुष वर्ग में आरडीएस की टीम फाइनल में, एमएस कालेज मोतिहारी से मुकाबला आज

**इंटर कालेज बैडमिंटन प्रतियोगिता**



# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**



HINDUSTAN, MUZAFFARPUR, DATE : 05.10.2024, PAGE- 04


# विवि के भवनों की एमआईटी के इंजीनियर करेंगे जांच

मुजफ्फरपुर, प्रमुख संवाददाता। बीआरएबीयू के भवनों की एमआईटी के सिविल इंजीनियरिंग विभाग के इंजीनियर जांच करेंगे। इसका प्रस्ताव विवि प्रशासन तैयार कर रहा है।

एमआईटी के इंजीनियर हॉस्टल से लेकर पीजी विभाग तक के भवनों को देखेंगे कि वह कितने काम के लायक है। भूकंप आने पर उनकी क्या स्थिति रहेगी। बीआरएबीयू में नैक मूल्यांकन को लेकर सभी भवनों की मरम्मत होनी है। इसके लिए सिंडिकेट से 50 करोड़ रुपये भी पास हुए हैं। नैक मूल्यांकन से पहले सभी भवनों की मरम्मत कराई जाएगी। भवनों के अलावा बीआरएबीयू के प्रेस के भी जीर्णोद्धार पर विवि प्रशासन विचार कर रहा है।

बीआरएबीयू और एमआईटी मे एमओयू पहले ही हो चुका है एमओयू के तहत विवि प्रशासन एमआईटी से अनुरोध करेगा कि वह अपने सिविल ब्रांच के इंजीनियर को भेजकर विवि के भवनों की जांच कर दे। बीआरएबीयू के पीजी ब्वॉयज हॉस्टल काफी जर्जर हो चुके हैं। कई बार छत से प्लास्टर गिरने की घटनाएं हो चुकी हैं।

# BABASAHEB BHIMRAO AMBEDKAR

**BIHAR UNIVERSITY, MUZAFFARPUR**

**PIN-842001 (BIHAR)**

**Website:-www.brabu.net**


**PRABHAT KHABAR, MUZAFFARPUR**
**DATE : 05.10.2024, PAGE-04**

### जांच. कुलपति ने किया विवि के कार्यालयों का औचक निरीक्षण

# नागेंद्र झा स्टेडियम का शीघ्र शुरू किया जायेगा जीर्णोद्धार का काम

- एमएलसी सर्वेश कुमार ने काम को लेकर दिये हैं सवा करोड़ रुपये
- कार्यालयों में गंदगी देखकर नाराज हुए कुलपति
- अधिकारियों एवं कर्मियों को दिये गये निर्देश

प्रतिनिधि, दरभंगा

लनामिवि के कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी ने शुक्रवार को कुलपति सचिवालय, उप कुलसचिव प्रथम कार्यालय, वित्तीय सलाहकार कार्यालय, पेंशन अनुभाग, अभियांत्रिकी अनुभाग का औचक निरीक्षण किया. कुलपति ने कर्मचारियों से लंबित संचिकाओं का तेजी से निष्पादन करने का सख्त निर्देश दिया. सभी कार्यालयों के शौचालयों की साफ- सफाई तथा फाइलों को साफ रखने को कहा. कहा कि जहां- जहां गंदगी है, उसको साफ कराइये, जरूरत वाले स्थानों को पेंट कराने का आदेश विश्वविद्यालय के इंजीनियर को दिया. कुलपति ने विश्वविद्यालय परिसर स्थित नागेंद्र झा स्टेडियम के जीर्णोद्धार के लिये एमएलसी सर्वेश कुमार द्वारा दिये गये सवा करोड़ रुपये के अनुदान से जल्द काम शुरू होने की बात कही.

### डाटा सेंटर की गोपनीयता को लेकर सख्त निर्देश

कुलपति ने डाटा सेंटर की गोपनीयता बनाये रखने को कहा. परीक्षा विभाग द्वारा कंट्रोल रूम के मॉनिटरिंग के निर्देश का सख्ती से अनुपालन का निर्देश दिया. डाटा सेंटर द्वारा त्रुटि दूर करने के लिए गंभीरतापूर्वक काम किये जाने को कहा. कुलानुशासक प्रो. अजय नाथ झा, परीक्षा नियंत्रक प्रो. विनोद कुमार ओझा और निजी सचिव मो. जमाल के साथ कुलपति ने एमसी, एसटी सेल, स्थापना विभाग, परीक्षा विभाग का भी निरीक्षण किया.



विधि शाखा का निरीक्षण करते कुलपति प्रो. संजय कुमार चौधरी.

### छात्रों से सुनी समस्याएं

परीक्षा काउंटर पर जाकर कुलपति ने सीधे विद्यार्थियों से संवाद किया. उनकी समस्याएं सुनी. कुलपति ने परीक्षा विभाग के कर्मचारियों को संचिका लंबित रखने को लेकर फटकार लगायी. त्वरित गति से काम करने का आदेश दिया.